श्री राम अवधेश सिंह : इसके लिए हमारा रोम रोम आपके प्रति उपकृत है। मैं साफ कहना चाहता हूं। ऐसे मौके पर मैं रिजर्वेशन के साथ नहीं बोलता हूं। केवल हम नहीं हमारी आने वाली पीढ़ी भी आपके प्रति उपकृत होगी और पिछड़ी जातियां आपके प्रति उपकार मानेंगी। और जितने पेच पाच चलाने वाले लोग हैं सब चारों खाने चित्त हो जाएंगे, यह बात मैं आपको बताना चाहता हूं। लेकिन मैं आपको सावधानी लेने के लिए जरूर कहूंगा। वह सावधानी यह है कि एजूकेशनल इंस्टीटयूशंस में आपको रिजर्वेशन देना होगा। अगर नहीं देंगे तो कहेंगे कि चलो, ट्रेन पर चढ़ जाओ, मान रिजर्वेशन है आपका, गाड़ी में चढ़ जाइये, लेकिन टिकट नहीं देंगे तो कैसे हम चढ़ेंगे। टिकट तो एजूकेशनल सर्टिफिकेट है, एजूकेशनल क्वालीफिकेशन है। हममें एजूकेशनल क्वालीफिकेशन होगी तब तो हम उस पर जाएंगे। काका कालेलकर कमीशन ने इसीलिए बैकवर्ड क्लासेज के लोगों के लिए एजूकेशन में 70 परसेंट रिजरवेशन रखा था। मोरारजी देसाई की सरकार ने क्या किया ? उस पर भी मैं लड़ा, बहुत लड़ा। मेरी पीठ पर कितनी लाठियां गिरी हैं। मुझे याद है 1978 से लेकर कितना मैं जेल गया, कितने आयोग हमारे लोगों के सिर फूटे इस मंडल आयोग की रचना से लेकर आज इसकी पूर्णाहुति तक। पहले ही हमको आपने कई लाठियां मार दी। श्री वी.पी. सिंह की सरकार ने कल हमारे 50 आदमियों को जनपथ पर मारा ...(व्यवधान) जब जनपथ पर हम प्रदर्शन कर रहे थे, "मंडल आयोग लागू करो वरना गद्दी खाली करो" तो इनकी पुलिस ने खदेड़-खदेड़ कर हमारे 50 आदमियों को मारकर लिटा दिया। अभी राम मनोहर लोहिया हास्पिटल में हमारे आदमी हैं। लोकदल के जो दिल्ली के अध्यक्ष हैं सुशील कुमार शर्मा और कलावती देवी इनके सिर फूट गये, बुरी तरह से लहूलुहान हो गये। लाठियां मारकर भगा दिया। हम कल तक लड़ रहे थे। आप इधर घोषणा कर रहे थे उधर मैं सिर तुड़वा रहा था, लाठी खा रहा था। मैं इसमें लगा था। अब मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मैं उन शब्दों से आपको बधाई दूं। लेकिन फिर भी यह है कि बहुत सावधानी से नोटिफिकेशन निकालना चाहिए, इसमें हम लोगों की भी राय लीजिए, शिव शंकर की भी राय ली जाए। ब्यूरोक्रेसी अपने ही शब्द लिखेगी क्योंकि वह बड़ी चालू है। बिहार में ऊपर से बूझने पर ठीक लगा और ऐसा लिख दिया कि सबके माने ही उलट दिये। तो फिर हमको प्रदर्शन करना पड़ा, फिर जेल जाना पड़ा। बड़ी मेहनत करनी पड़ती है। लाठियां खाना कोई आसान बात है ? आप लोग समझते नहीं हैं हंस देते हैं। इतनी लाठियां खानी पड़ती हैं ...(व्यवधान) हम उसमें मदद करेंगे। हमको अगर पूछिएगा तो हम मदद करेंगे और आपको मदद लेनी चाहिए ताकि यह एसिड टेस्ट हो जाये कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टस में चुनौती आती है तो यह उस पर खरा उतरे, यह जरूर होना चाहिए।

अब मैं अंत में एक दो बातें कहना चाहता हूं। आर्थिक वाले जो सवाल उठाते हैं ये सब समझदारी के सवाल नहीं हैं। आने वाली पीढ़ी कभी ये सब चीज, हम लोगों की डिबेट आदि पढ़ेगी तो कहेगी कि कैसी पीढ़ी थी कि वह 87 परसेंट मांग रहा था। 13 परसेंट से कि हमको रिजर्वेशन दे दो। क्यों ? हम जागृत नहीं हैं, कल जागृत होंगे। यह दरवाजा विश्वनाथ जी ने खोल दिया है। बीसवीं सदी का अंत होते-होते जो आज दांव पेच से बोल रहे हैं कि आर्थिक होना चाहिए, यह होना चाहिए, वह होना चाहिए, इफ बट, वे सब समाप्त हो जाएंगे। ये कहेंगे कि हमको 13 परसेंट दे दीजिए, हमारे लिए 13 परसेंट बचा लीजिए। वह जो जब तक हमारा जागरण नहीं हुआ है तब तक बहुसंख्यक अल्पसंख्यक से मांग रहा है कि हमको दे दीजिए। क्यों दे दीजिए ? हमारी ताकत हो जाएगी तो हम ले लेंगे। दरवाजा

[श्री राम अवधेश सिंह

खोल दिया है अब कोई रोक नहीं सकता है और इसी दरवाजे को खोलने के लिए माननीय विश्वनाथ जी इतिहास में अमर रहेंगे, केवल दरवाजा खोलने के लिए। और कोई रोक नहीं सकता है । आप लोगों का समय चल गया, जब गधा जलेबी खाता था । वह समय चला गया। कांग्रेसिया लोगों का समय समाप्त हो गया। (व्यवधान)

सुनिये, आप लोग आधे दिल से काम करते थे । कहा गया है कि सौ चोट सुनार की और एक चोट लुहार की । तो खुट-खुट बहुत किया, पर एक ही बार मारा, धड़ाम से गिर गये । तो सौ चोट सुनार की और एक चोट लुहार की, बराबर हो गया । आप लोग अब कुछ कर नहीं सकते ।

अब तो यह सरकार खूब मजे से चलेगी और बढ़िया से चलेगी । आप लोग दूर से छुट्टी काटते रहियेगा, बिराते रहियेगा, कुछ होने वाला नहीं है और अब यह सरकार स्थाई रूप से चलेगी ।

उपसभापति : अब आप क्लैरिफिकेशन पर आ जाइये ।

श्री राम अवधेश सिंह : क्लैरिफिकेशन पर... (व्यवधान) माइनार्टीज के लोग...

उपसभापति : राम अवधेश सिंह जी, समय बहुत हो गया है । कृपया बोल दीजिए । वैसे दूसरे भी लोग हैं ।

श्री राम अवधेश सिंह : माइनार्टीज के लोगों को इसमें शामिल करना हमारी लड़ाई का अंग था, इसलिए अल्पसंख्यक समुदाय के लोग इसमें शामिल रहेंगे और यही हमारी लड़ाई का उद्देश्य था।

यह जो लड़ाई शुरू हुई मंडल कमीशन की रचना के लिए, उस संगठन का नाम था अखिल-भारतीय पिछड़ा वर्ग, हरिजन, आदिवासी, धार्मिक अल्प-संख्यक महासंघ के झंडे के नीचे लड़ाई शुरू हुई और वह महासंघ इस सरकार को बधाई देता है । अब सरकार के एक-एक केबिनेट मेम्बर को बधाई देता है कि इनके प्रगतिशील विचारों के चलते ही यह बात आगे बढ़ी है । नहीं तो अगर कांग्रेसिया लोग जैसा दकियानूसी मेम्बर इसमें रहते तो वह भी काम नहीं होता ।

तो यह दकियानूसी लोग ऊपर-ऊपर से अब छुट्टी काटते हैं । इनसे कुछ होने वाल नहीं है । (व्यवधान)

मैं अंत में इस पिछड़े वर्गों को संविधान में हक दिलाने वाले और भारतीय संविधान की धारा 15 में उपधारा (4) जुड़वा कर तमाम पिछड़े वर्गों को हक दिलवाने के लिए पेरियार रामास्वामी के प्रति आभार प्रकट करता हूं और बाबा साहब अम्बेडकर से प्रेरणा लेकर और डा. राम मनोहर लोहिया से प्रेरणा लेकर हम लोगों ने इस लड़ाई की शुरूआत की थी और उस लड़ाई की आंशिक सफलता हुई है ।

अब पूर्ण सफलता आगे हमको प्राप्त करनी है ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं और बार-बार पिछड़े वर्ग, जनता की ओर से, मूक जनता की ओर से इस सदन के प्रति और इस सरकार के प्रति और आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं और सरकार के इस ऐतिहासिक काम के लिए जो लौह दरवाजा तोड़ा है, मैं बार-बार आभार प्रकट करता हूं ।

धन्यवाद ।

श्री मधु दंडवते : अब राष्ट्रपति का अभिभाषण भी ठीक चलेगा ।

SHRI MADHAVSINH SOLANKI: Mr. Madhavsinh Solanki.

SHRI MADHAVSINH SOLANKI: (Gujarat): Madam Deputy Chairman, I sincerely congratulate both the

Prime Minister and the Minister for Welfare, Ram Vilas Paswanji, for announcing the steps to implement some of the important recommendations of the Mandal Commission.

Madam, some States have already taken steps and measures to improve the life of the socially and economically backward classes. But, so far, no steps have been taken by the Central Government in this regard for the last forty years.

Vishwanathji has done a commendable job for which he deserves all congratulations. My leader, Shri Shiv Shankerji, has already raised some important issues and points which would be clarified by the Prime Minister. (So I do not repeat them. But would like to know whether the Government is going to provide the same type of benefits to other backward classes as are available to Scheduled Castes and Scheduled Tribes, because in this country, we know, there are certain castes and communities who are living such a miserable life which is worse than that of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. So the minimum benefits which accrue to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes may be made available to other backward classes also. And the institutional organisations which are formed for Scheduled Castes and Scheduled Tribes may be formed on behalf of other backward classes as well.

During the last session while bringing a Bill under article 338 for a Commission for Scheduled Caste a suggestion was made that you will have to do it for other backward classes also and the Minister so kindly agreed that when you are implementing the Mandal Commission Report they would also be covered under the same umbrella.

Another important point has to be considered. In some States some castes and communities have already been identified as backward and they are given the benefits and advantages all along, but because the Mandal Commission has not taken cognizance of that they will be left out. They would get the State benefit but the Central benefit would not be available to them. In the second phase this aspect may also be taken into consideration. And may I hope that this step taken by the National Front Government, which is a very important step from the point of view of social justice to the poor and the backward classes of this country would be followed by at least their constituents in the States which have not so far taken steps on parity with the Central schemes?

I thank you, Madam.

श्री राम विलास पासवान : मोलंकी साहब ने एक बहुत महत्वपूर्ण बात कही है जो इसमें नहीं आ सकी । इसे मैं क्लैरीफाई करूं । इन्होंने कहा बहुत सी ऐसी जातियां हैं जो शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स से भी बदतर स्थिति में हैं, लेकिन किसी कारण वश यह कहते हैं कि वे शैड्यूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स की सूची में नहीं हैं और प्रत्येक राज्य में ऐसी जातियां हैं । कुल मिलाकर हम समझते हैं कि 70–80 से ज्यादा ऐसी जातियां है जो छूट गई थीं । तो जैसा कि माननीय सदस्यों को मालूम है जब पहली बार किसी जाति को शैड्यूल्ड ट्राइब में सम्मिलित किय जाता है तो प्रेसीडेंशल आर्डर से होता है । दूसरी बार जब होता है तो उसको पार्लियामेंट के सामने लाना पड़ता है । हम उसको एग्जामिन कर रहे हैं । हमारे सामने दिक्कत इतनी ही है कि इसकी दो स्टेज हैं । एक तो है कि राज्य सरकार अनुशंसा कर और दूसरा है आर०जी० आई० रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया उसका अनुमोदन करे । बहुत सारी जातियां जो हम पर्सनली जानते हैं वह शैड्यूल्ड कास्ट्स की श्रेणी में हैं या शेड्यूल्ड ट्राइब्स की श्रेणी में हैं, लेकिन हमारे सामने दिक्कत यह है कि राज्य सरकार ने उसका अनुमोदन नहीं किया है, अनुशंसा नहीं किया है, क्योंकि एक जगह से राज्य सरकार ने अनुशंसा कर भी दिया है तो आर०जी०आई० ने उसका अनुमोदन नहीं किया है तो उसी के लिए हम रुके

[श्री राम विलास पासवान]

हुये हैं । चूंकि एक बार जब हम पार्लियामेंट में ले आयेंगे तो जो जाति छूट जाएगी तो फिर दस साल तक बीस साल तक उसको कोई देखने वाला जल्दी होगा नहीं । इसलिए उसमें थोड़ा डिले तो जरूर हो रह है, लेकिन हम कोशिश कर रहे हैं कि ऐसी जितनी सारी जातियां हैं उनकी एक ही बार इकट्ठे लिस्ट बना करके और जितनी जल्दी हो सके उसको पार्लियामेंट के सामने ले आयेंगे ।

आनन्द प्रकाश गौतम (उत्तर प्रदेश) : माननीया उपसभापति महोदया, सर्वप्रथम मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय कल्याण मंत्री जी को ऐसे ऐतिहासिक कदम के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं और देश की जनता को भी इसके लिए बधाई देना चाहता हूं । महोदया, राष्ट्र के, समाज के कमजोर वर्गों के प्रति इस सरकार की समर्पण की भावना इससे स्पष्ट होती है कि सरकार आते ही आते सर्वप्रथम बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न की उपाधि, इसी तरह के और कार्य आरक्षण को पूरा करने की घोषणा, उसी दिशा में मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू किये जाने का सरकार का एक साहसिक और ऐतिहासिक कदम है । एक के बाद एक यह सरकार मील के पत्थर बराबर गाढ़ती चली जा रही है, इसके लिए मैं पुनः हार्दिक बधाई देना चाहता हूं ।

महोदया, मैं इस हार्दिक बधाई के साथ-ही-साथ कुछ स्पष्टीकरण की तरफ प्रधान मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा । जहां आपने इसके प्रथम चरण की बात की है और हमारे कुछ पूर्व वक्ताओं ने भी इस बारे में स्पष्टीकरण चाहा है कि आप चरण के बारे में स्पष्ट बताएं कि प्रथम चरण और अगला चरण क्या होगा ? महोदया, इस संबंध में मैं एक बात जानना चाहूंगा कि आपने प्रथम चरण की बात कही है, तो वह प्रथम चरण क्या समय की प्रतिबद्धता होगी या कार्य की प्रतिबद्धता होगी जिससे कि आप चरण की अवधि तय करेंगे ? महोदया, अगला स्पष्टीकरण मैं यह चाहूंगा कि आपने अपने वक्तव्य के (ख) में कहा है कि, "सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का प्रतिशत 27 होगा ।" आपने इसको लागू करने की भी घोषणा कर दी है, यह बहुत अच्छी बात है । इसी के आगे उसमें कहा गया है कि, "यह आरक्षण भारत सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों के अधीन सेवाओं पर लागू होगा ।" महोदया, इस संबंध में मैं यह जानना चाहूंगा कि जो जोइंट सेक्टर में हैं, उन में इस आरक्षण का क्या व्यवस्था होगी ? महोदया, एक और चीज जो मन को सशंकित करता है, वह यह है कि जो आपने सेवाओं में आरक्षण की घोषणा की है, इसमें जो वर्तमान परिस्थिति है, उसमें आप इस को आकलित करेंगे ? उसका जो बैकलाग होगा क्या उसको पूरा करने की भी कोई योजना है या अगली सेवाओं में भी इस को लागू करेंगे ? ये जो वर्तमान परिस्थिति है, उसमें उसकी क्या विधि होगी ? मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि कृपया इसको भी स्पष्ट कर दें ताकि यह आगे कोई कठिनाई पैदा न करे । इसलिए मैं यह जानना चाहूंगा कि यदि बैकलाग को पूरा करने की बात होगी तो क्या आप उसके लिए नए स्थान पैदा करेंगे जिससे कि सेवाओं में उनकी भर्ती की जाएगी ? पिछली सरकार ने यह घोषणा की थी कि सन् 88 या 89 में कि अनुसूचित जाति के आरक्षण को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाएगा । लेकिन इसके लिए कार्मिक विभाग से जो नोटिफिकेशन निकला, उसमें यह लिखा गया कि यदि स्थान नहीं है या भर्ती नहीं हो रही है या स्थान रिक्त नहीं हैं तो वहां पर आरक्षण पूरा करने की कोई आवश्यकता नहीं है । इसका मैंने वर्तमान प्रधान मंत्री जी को संदर्भ दिया है । तो कहीं कोई आरक्षण पूरा नहीं हुआ । महोदया, जो परिस्थिति इस समय है, उसमें जितने लोग अब तक उसमें हैं, उनमें भी क्या यह आकलित किया जाएगा कि इतना आरक्षण का कोटा है या नहीं । एक बात मैं और आपसे जानना चाहूंगा कि यह जो मंडल आयोग की सिफारिशें हैं, आरक्षण का जो धाराएं आपने इसमें कोट की हैं, यह उसी तक सीमित रहेंगी या जैसाकि हमारे राम

अवधेश जी ने कहा है कि आप शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों के वजीफे आदि के बारे में या उनके प्रवेश के बारे में भी इसकी व्यवस्था करेंगे ? कृपया इसे भी स्पष्ट करें । साथ ही यह माननीय प्रधान मंत्री की का एक बहुत ही अच्छा कदम होगा यदि इस आरक्षण के मामले में जिसे कि आपने तात्कालिक प्रभाव से घोषणा की है, उसका आरक्षण आप सबसे पहले केन्द्रीय सचिवालय और अपने यहां सरकार में करने की कृपा करें ।

मैं पुनः आपको आभार के साथ बहुत-बहुत हार्दिक बधाई और धन्यवाद देता हूं ।

श्री रामनरेश यादव (उत्तर प्रदेश): महोदया, कल माननीय प्रधान मंत्री जी की तरफ से, सरकार की तरफ से मण्डल कमीशन की रिपोर्ट के कार्यान्वयन की दिशा में जो वक्तव्य आया है, सरकार का जो निर्णय सामने आया है, इसके लिए तो हमारे नेता शिवशंकर जी ने भी बधाई दी है और मैं भी बधाई देना चाहता हूं । साथ ही एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि आखिर कल का समय, मुझे क्षमा करें करेंगे, यह कल का समय ही क्यों चुना गया था ? इसलिए की 9 अगस्त क्रांतिकारी दिवस रहा है और इस क्रांतिकारी दिवस को एक दूसरी क्रांति लाने की दिशा में इनके ही, सरकारी पक्ष के ही एक नेता ने कुछ क्रांतिकारी रैली करने का निर्णय किया है अगर यह रैली होने भी जा रही है । मुझे वह दिन भी याद आ रहा है, जब पिछले महीने 24 तारीख को यहां दिल्ली में एक सम्मेलन हुआ था पिछड़े वर्ग की तरफ से और उस सम्मेलन में देवीलाल जी ने, जो उप-प्रधान मंत्री रहे हैं, आज नहीं हैं, उन्होंने सबके बीच में वक्तव्य दिय था और उन्होंने कहा था कि इसका समर्थन मैं तब करूंगा जब कि जाट जाति, बिरादरी भी पिछड़े वर्ग की सूची में रखी जाएगी । हमारे कल्याण-मंत्री जी मौजूद हैं, मैंने इस सवाल को उस दिन भी उठाया था, जब कल्याण मंत्री जी ने यह कहा कि हम मंडल-कमीशन की रिपोर्ट को लागू करेंगे तो मैंने कहा था कि क्या जो उप-प्रधानमंत्री देवी लाल जो घूम-घूम कर अपना भाषण दे रहे हैं, बयान दे रहे हैं उसी आधारपर या बिना उसको शामिल किए लागू किया जाएगा ? एक तरफ तो वह इस तरह से बयान दे रहे हैं और दूसरी तरफ सरकार का यह बयान आ रहा है । इन्होंने सदन को आश्वासन दिया था कि नहीं, हम इसको लागू करने का प्रयास नहीं करेंगे । इसके पहले भी हाऊस में जब एक बार यह प्रश्न आया था और माननीय प्रधान मंत्री उत्तर दे रहे थे तो मैंने खड़े होकर पूछा था कि इसे कब लागू करने का काम करेंगे ? तो उस समय कल्याण-मंत्री की ओर संकेत करते हुए प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि राम विलास पासवान जो कल्याण-मंत्री की हैसियत से केबिनेट में प्रस्ताव लायेंगे और हम उस पर विचार करेंगे। मुझे खुशी है कि उसके आधार पर यह प्रस्ताव निर्णय के रूप में कल सदन के सामने आया ।

महोदया, यह बात सही है अपने स्थान पर, कि प्रथम चरण में बात आई है । मैं प्रधान मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कितने चरणों में मण्डल-कमीशन की जो संस्तुतियां थीं, वे पूरी करने का प्रयास करेंगे क्योंकि अभी पहले चरण में आपने 27 फीसदी लाने की बात की है । अभी जैसे माननीय पी० शिवशंकर जी ने बहुत से सवाल उठाये थे, जो रिकमंडेशन हैं, उनके आधार पर प्रश्न किए, स्पष्टीकरण मांगे । यह बात सही है कि सामाजिक न्याय की दिशा में जो कदम उठना चाहिए था, नहीं उठ पाया था किन्हीं कारणों से । उस दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है और इस कदम के साथ-साथ मैं यह जानना चाहता हूं स्पष्टीकरण के रूप में, कि इस रिपोर्ट के आधार पर, रिकमंडेशन के आधार पर हमारे कुछ राज्य ऐसे हैं, जहां पर 27 फीसदी रिजर्वेशन है और वह 27 फीसदी रिजर्वेशन, जैसा कि मंडल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में रिकमंड किया है और सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के आधार पर 50 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन उसके बावजूद 60 फीसदी चल रहा है, क्या यह व्यवस्था वहां के लिए रहेगी या नहीं ?

[श्री राम नरेश यादव]

महोदया, दूसरा प्रश्न मेरा यह है कि जो राष्ट्रीयकृत बैंक हैं या दूसरे बैंक हैं, उन बैंकों में भी इस रिकमंडेशन के आधार पर यह रिजर्वेशन लागू होगा या नहीं होगा ? तीसरा प्रश्न, मेरा यह है कि यहां तो हम सब यह बात करते हैं और बात भी सही है कि आखिर नौकरियों में आने के लिए कुछ स्थान तो चाहिए, उनकी शिक्षा की व्यवस्था चाहिए । इसके लिए मण्डल जी ने यह संस्तुति की है कि जितने भी केन्द्र द्वारा चलाए जाने वाले इंस्टीट्यूशन्स हैं या राज्य सरकारों द्वारा चलाये जाने वाले विद्यालय, हैं टैक्नीकल या प्रोफेशनल या दूसरे, उनमें भी यह रिजर्वेशन रखा जाएगा। इस संबंध में मैं प्रधान मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इसके बारे में आप क्या व्यवस्था करना चाहते हैं ? साथ ही साथ आवश्यकता इस बात की भी हो रही है, इसलिए हो रही है क्योंकि शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का रिजर्वेशन रखा गया है, रखने के बाद जो कोटा होना चाहिए था, नहीं पूरा हुआ अगर अब नहीं पूरा हुआ तो इसी बात को ध्यान में रखकर के जो संवैधानिक संशोधन होना चाहिए, उसे भी लाने की दिशा में पिछले दिनों कदम उठाया गया । इसलिए उन्होंने यह भी लिखा है कि आरक्षण को लागू करने के लिए जो संस्तुति हम कर रहे हैं इसमें बहुत से संविधान में संशोधन करने होंगे और भी कुछ नियम व कानून बनाने होंगे, उस दिशा में इस सिफारिश के आधार पर उस व्यवस्था को करने की दिशा में आप क्या कर रहे हैं ? साथ ही साथ एक बात साफ है कि जब तक इसे संवैधानिक दर्जा नहीं दिया जाएगा और उसी आधार पर जैसा कि शेड्यूल्ड कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्स के बारे में दिया गया है, तब तक मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने का मतलब होगा कि वह ठीक से लागू नहीं हो पाएगी क्योंकि उसके इंटरेस्ट को वाच करने के लिए . . (व्यवधान) . .

उपसभापति : यादव जी, बहुत देर हो गई है।

श्री राम नरेश यादव : इसलिए उस दिशा में माननीय प्रधान मंत्री जी को और सरकार को भी ध्यान देना होगा कि उसे संवैधानिक दर्जा देकर इस बात को लाना होगा और देखना होगा कि जो यह आदेश जा रहा है, उसे कार्यान्वित करने की दिशा में सरकार जो कदम उठा रही उसका सही ढंग से कार्यान्वयन हो सके ।

इन शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि सरकार गंभीरता के साथ इन सारी चीजों पर विचार करके और जितने भी रिकमंडेशन्स हैं उन सब पर, क्योंकि शिक्षा के संबंध में भी और व्यवसाय के संबंध में भी हैं, इन सारे रिकमंडेशंस को, मंडल कमीशन के, कितने चरणों में पूरा करेगी और समयबद्ध रूप से कब तक पूरा करके दिखाने का काम करेगी ? इन शब्दों के साथ मैं एक बार फिर सरकार को बधाई देना चाहता हूं ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is very late. I have two more names with me. I would like them to be brief. Dr. Abrar Ahmed Khan. Only two minutes please.

डा अबरार अहमद खान (राजस्थान) : उपसभापति महोदय. . . (व्यवधान)

SHRI G. SWAMINATHAN: How many more, Madam?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Two more. He and one more. That is why I am requesting. Already, Shiv Shankerji has taken enough time. Therefore, they should only support, if they want to. That is all.

डा० अबरार अहमद खान : मैं सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता हूं और साथ ही साथ एक बात अवश्य कहना चाहूंगा कि कल जब यह चर्चा चल रही थी वक्तव्य की, उस समय सदन के नेता ने इसके इम्पारटेंस और सिग्निफिकेंस के बारे में कहा था। जब-जब भी यह बात राम अवधेश जी ने यहां उठाई थी तो हमने भी उनका पूरा साथ दिया था कि तत्काल यह सिफारिश लागू होनी चाहिए। लेकिन

इसमें कोई दो रायें नहीं कि अगर एक दिन पहले उसकी सिग्निफिकेंस को समझ लेते तो यह बात निश्चित रूप से कल का जो बिजनेस था उसमें आ गई होती। लेकिन कल ही दोपहर में जब महंगाई पर यहां चर्चा शुरू हुई उस वक्त आपका तत्काल ध्यान इसकी सिग्निफिकेंस पर गया ताकि लोगों का ध्यान महंगाई से हटकर के दूसरी तरफ चला जाए। मैं आपके माध्यम से इस वक्तव्य के संबंध में, क्योंकि आपने समय बहुत कम दिया है इसलिए यह जानना चाहता हूं कि पिछड़े तबके में यह पिछड़ी जातियों में खास तौर से प्रोफेशन से संबंधित जातियां अधिक हैं, तो उसमें मुस्लिम, सिक्ख और क्रिश्चियन समुदाय की क्या स्थिति है? इस पर मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से विस्तृत रूप से प्रकाश डालने का आग्रह करूंगा कि मुस्लिम, सिक्ख और क्रिश्चियन समुदाय की पिछड़े तबके में क्या स्थिति है? उनके लिए क्या प्रावधान है? उसमें कौन सी जातियां इसके अंदर शामिल होंगी। इसके साथ-साथ शिक्षा के बारे में, जैसा कि राम अवधेश जी ने और पी. शिव शंकर जी ने भी कहा कि वास्तव में शिक्षा के अंदर आरक्षण होना चाहिए बिना शिक्षा में आरक्षण दिए यह आगे जो आरक्षण है जिस प्रकार से अनुसूचित जाति, जनजाति में समस्या आती है, कोटा पूरा नहीं होता, आरक्षण तो दे दिया गया लेकिन निश्चित रूप से अगर शिक्षा के अंदर आरक्षण नहीं दिय गया तो यह कोटा पूरा नहीं हो सकता। इसके साथ-साथ मैं यह भी जानना चाहूंगा कि नौकरियों के लिए यह जो बात की है तो राज्य सरकार की नौकरियों में क्या होगा और उसके साथ ही साथ नौकरियों के लिए तो 27 परसेंट आरक्षण दिया है, लेकिन राज्य में भागीदारी के लिए एम.पी. और एम.एल.ए. के लिए आरक्षण की क्या व्यवस्था है? मात्र उनको नौकरियों के लिए ही योग्य माना है या राज्य में भागीदार बनाने के लिए ही योग्य माना है? यह मैं विशेष रूप से माननीय प्रधान मंत्री जी से स्पष्टीकरण चाहूंगा।

इसके साथ ही साथ एक बात जो बहुत महत्वपूर्ण है वह है सामाजिक न्याय। सामाजिक न्याय की बात इसमें कही गई है, तो मैं इस बात का पक्षधर हूं कि सामाजिक न्याय के लिए जो आरक्षण दिया जा रहा है, उस आरक्षण में निश्चित रूप से ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि जो परिवार एक बार उसका लाभ उठा चुका है, अगर किसी का पिता लाभ उठाकर आई.ए.एस. या आई.पी.एस. बन गय है तो दोबारा उसको इसका लाभ नहीं मिलना चाहिए।

आरक्षण का परसेंटेज उतना ही रहे जैसा शिव शंकर जी ने अभी कहा, अर्थात् 27 परसेंट ही रहे। अनुसूचित जनजाति का उतना ही रहे लेकिन एक बार जिसने लाभ उठा लिया उसके लिए कोई तरीका बनाना पड़ेगा कि जो एक बार आई.ए.एस., आई.पी.एस. बन गया तो उसके बच्चों को उसका लाभ न मिले बल्कि उन लोगों को मिले जो आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। यह व्यवस्था आप इसके अंदर करें। धन्यवाद।

उपसभापति : सत्या बहिन। बस खाली कह दीजिए कि समर्थन कर रही हूं, अगर समर्थन कर रही हैं तो क्योंकि शिव शंकर जी सबकी तरफ से बोल चुके हैं।

श्रीमति सत्या बहिन : मैडम, मैं एक ही मिनट लूंगी। मंडल आयोग की सिफारिशों पर लिए गए निर्णयों के संबंध में प्रधानमंत्री जी ने जो वक्तव्य दिया है, मैं इसका समर्थन करती हूं लेकिन इन्होंने जो सामाजिक न्याय वर्ष बनाने की बात कही है तो मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि पिछले आठ महीनों की राष्ट्रीय मोर्चा सरकार में अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों पर अत्याचारों की घटनाएं बेहद बढ़ी हैं। इसलिए मैं तो इसे सामाजिक अन्याय वर्ष कहूंगी। हो सकता है कि प्रधानमंत्री जी को मंशा न्याय करने की रही हो लेकिन दुर्भाग्य यह है कि हमारे प्रधानमंत्री

[श्रीमती सत्या बहिन]

श्री वी.पी. सिंह चाहे प्रदेश का शासन संभाल रहे हों या देश का शासन संभाल रहे हों, जब-जब इन्होंने देश का या प्रदेश का शासन संभाला है तब-तब पिछड़े व दलित वर्ग पर हिंसक अत्याचार बढ़े हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश में सादूपुर हो या देवली हो चाहे आगरा कांड हो।

दूसरी बात यह है कि इन्होंने यह कहा कि 40 वर्ष से कोई काम नहीं हुआ तो मैं इस बात का विरोध करती हूं। 40 वर्षों में कांग्रेस ने बहुत काम किया है। हां इतना जरूर है कि कोई राजनीतिक लाभ उठाने की गरज से उसने कभी अपने कामों का ढिंढोरा नहीं पीटा। मैं इस वक्तव्य के संबंध में प्रधानमंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं कि कुछ ऐसी जातियां हैं जो एक प्रदेश में अनुसूचित जातियों में आती हैं और दूसरे प्रदेश में उनको अनुसूचित जनजातियों में लिया जाता है या फिर उनको पिछड़े वर्गों में लिया जाता है। तो इसका संतुलन वह कैसे कायम करेंगे?

एक दूसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि कुछ जातियां ऐसी हैं जिनको ब्रिटिश काल से ही सूचीबद्ध ज़रायमपेशा माना जाता है। जिससे समाज में कुछ ऐसी मानसिकता बन गई है कि उनको अपराधी जातियों में गिना जाता है चाहे वह कितनी ही ईमानदारी से अपना काम करें। समाज के अंदर एक ऐसी घृणा की भावना बन गई है जैसे अभी चित्तौड़ में सवर्णों द्वारा 9 कंजरों को मार डालने की जो घटना हुई है वह इसी मानसिकता का प्रमाण है।

उपसभापति : बस, आपको एक मिनट दे दिया। अब बैठ जाइए।

श्रीमती सत्या बहिन : तो मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि वह इस अपराध सूचक नाम को हटाने के बारे में भी विचार करें और अनुसूचित जातियो और पिछड़े वर्गों की सूचियों में जो असंतुलन हैं उनको भी दूर करने पर ध्यान दें।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : महोदया, मालवीय लोग उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों में आते हैं और मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति में आते हैं?

उपसभापति : आप क्या हैं? आप मंडल कमीशन में हैं या बाहर हैं?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri S. S. Ahluwalia. Kindly be brief because Shri Shiv Shankerji has already taken 48 minutes. So, try to be brief.

SHRI G. SWAMINATHAN: Madam, is the Prime Minister going to reply today or not? Let us know this.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please wait. Have some patience. (*Interruptions*).

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : उपसभापति महोदया, मैं पहले ही धन्यवाद कर दूं कि अंत में आपने मुझे बोलने का मौका दिया। महोदया, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण घोषणा है और इसके लिए मैं आपसे क्लैरिफिकेशन पूछने से पहले ही गुज़ारिश करूंगा कि इस पर एक पूरी बहस होनी चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा निर्णय है इस सरकार का जिससे न केवल इतिहास को बदलना है, न केवल नस्लों को बदलना है... (व्यवधान)

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : अलग से डिस्कशन करवाना चाहें तो इसमें सरकार को कोई आपत्ति नहीं है।

उपसभापति : फिर आप डिस्कशन में ही बोल देना।

SHRI G. SWAMINATHAN: We are sitting here for something else today. We want to know whether the Prime Minister is going to reply today.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please don't interrupt.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया नॉट टूडे बात।

श्री राम विलास पासवान : वह आज के लिये नहीं कह रहे थे।

एक माननीय सदस्य : अगर आज इस पर डिस्कशन हो गया तो अभी जो बोले हैं लोग उनको मौका नहीं दिया गया तो ...

उपसभापति : सब लोगों के लिये तो आश्वासन दे सकती हूं मगर राम अवधेश जी के लिये नहीं दूंगी।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, हमारा भारत चार वर्णों में बंटा हुआ था और बड़ा कमजोर था। उस वक्त बड़े-बड़े धर्म गुरुओं ने और संतों ने इसमें परिवर्तन लाने की कोशिशें की और उन कोशिशों के स्वरूप ही मैं आज इस स्वरूप में आपके सामने खड़ा हूं। 1699 में गुरू गोविंद सिंह पहली वैशाख को जब सिख धर्म की स्थापना, खालसा पंथ की स्थापना कर रहे थे, उस वक्त उनको पांच प्यारों की जरूरत थी और वह पांच प्यारे जिस वक्त बुलाये गये कि मुझे गर्दन चाहिये, मुझे खून चाहिये, मुझे कृपाण के लिये खून चाहिये, सैक्रीफाईस चाहिये तो उस वक्त जो पहला आदमी उठा था वह हस्तिनापुर का था और वह पिछड़ी जाति का था। दूसरा आदमी उठा वह द्वारिका का था, वह भी पिछड़ी जाति का था। तीसरा आदमी उठा, वह जगन्नाथ पुरी का था, वह भी पिछड़ी जाति का था और चौथा आदमी जो उठा वह लाहौर का था, वह सिर्फ जाट था और जो पांचवां आदमी उठा वह विदर्भ का था, कर्नाटक का, वह भी पिछड़ी जाति का था। इस पिछड़ी जाति को मिलाकर खालसा पंथ की स्थापना हुई थी और यह वर्ण को खत्म करने की एक कोशिश की गयी थी, धर्म के माध्यम से सामाजिक सुधार किया गया था। आज एक नयी पहल आप करने जा रहे हैं और मैं आपको तो धन्यवाद देता हूं, आपका अभिनंदन करता हूं, पर उसके साथ-साथ मैं आपकी पार्टी के अन्दर जो प्रेशर ग्रुप है उसका भी अभिनंदन करता हूं जिसके प्रेशर के कारण आपने इसकी घोषणा कल की है.... (व्यवधान) आप शांत हों क्योंकि मैं इसलिये कहता हूं कि मैं धन्यवादी हूं भूतपूर्व उप प्रधान मंत्री देवी लाल जी का जिन्होंने प्रेशर दिया कि आप मजबूर हुये कल इस बिल को लाने में, इस घोषणा को लाने के लिये। उसका कारण क्या है? उसका कारण यह है.... (व्यवधान) आप खिसिया क्यों रहे हैं, मैं प्रमाण दे रहा हूं। मैं बिना प्रमाण के कुछ नहीं बोलता.... (व्यवधान) मैं प्रमाण दे रहा हूं—यह पार्लियामेंट्री बुलेटिन है जिसमें इस संसद सत्र में 7 अगस्त से लेकर 7 सितम्बर तक 45 बिल लोक सभा और राज्य सभा में इंटरोड्यूज होने हैं कंसीडर होने हैं डिस्कस होने हैं Here you are. Agreed. अगर यह बिल नहीं हैं तो 21 तारीख के इस घोषणा-पत्र में जो नये बिल्स आप इंटरोड्यूज कर रहे हैं उसका 14वां बिल है Bill to give statutory reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Government. (*Interruptions*)

...t listen. It is overhead transmission for you. You will not understand it, Malaviyaji... Bill to give statutory reservation for SC and ST in Government and public sector undertakings—introduction, consideration and passing.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We are discussing the parliamentary bulletin. We are discussing Mandal Commission. Please ask your clarifications.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Madam, I am coming to my clarifications. This is also a part of that.

उपसभापति : आप चुपचाप बैठिये हाऊस में। Please don't interrupt, Mr. Vishvjit Singh. I can handle the House without your help.

SHRI RAM VILAS PASWAN: You are talking of Scheduled Castes. Scheduled Tribes. This is for backward classes.

SHRI S. S. AHLUWALIA: This is also a part of your....

SHRI RAM VILAS PASWAN: Mandal Commission is separate. It is for the backward classes.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं अकेले माइनोरिटी का सदस्य खड़ा हूं और पूरी सरकार एक तरफ खड़ी हुई है, थोड़ी तो शर्म करो। **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल : महोदया, बाहर मुंह दिखाने लायक नहीं हैं। **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : रिजर्वेशन की बात हम तब करेंगे जब नौकरियां होंगी। आपने अपने मेनीफेस्टो में राइट टु वर्क की बात की है। **(व्यवधान)** आपने इन 45 बिलों में यह बिल नहीं रखा है। **(व्यवधान)**

श्री अब्दुल समद सिद्दकी : आप इसकी मुखालफत करना चाहते हैं....

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : लिस्ट आफ बिजनेस में आपके ढकोसले सामने आ रहे हैं। **(व्यवधान)** आपको सिर्फ डर चौधरी देवीलाल का है, महेन्द्र सिंह टिकैत का है, काशी राम का है जिसके कारण आप यह बिल ला रहे हैं।

श्री मोहम्मद अफजल : आपको दुख हो रहा है।

श्री अब्दुल समद सिद्दकी : इस प्रकार आप इनडायरेक्ट अपोज कर रहे हैं। **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल : आप इनडायरेक्ट अपोज क्यों करते हैं। आप को अपोज करना है तो डायरेक्ट करिये। **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : इस घोषणा के साथ इमोशनली अटेच्ड हूं। उसका प्रमाण है। 17 अगस्त को मेरा एक प्राइवेट मैम्बर रेजोलूशन है जो नेशनल कमीशन फार बैकवर्ड क्लासेज की डिमांड करता है और नेशनल कमीशन फार माइनोरिटी कम्युनिटी की डिमांड करता है। आप बिल नं. 111 देख सकते हैं वह राइट टु वर्क के बारे में है। यह बिल कोई आपका जनता दल का सदस्य नहीं लाया है यह बिल मैं लाया हूं। **(व्यवधान)** मैं इस घोषणा के साथ मानसिक रूप से जुड़ा हुआ हूं। मैं बताना चाहता हूं कि आप जो घड़ियालू आंसू बहा कर झूठ बोलना चाहते हैं मैं उसको एक्सपोज करना चाहता हूं। **(व्यवधान)**

महोदया, नौकरी में रिजर्वेशन लाने के लिए जो मुख्य मुद्दा है मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से पूछना चाहूंगा कि यह 27 प्रतिशत का रिजर्वेशन इंजीनियरिंग कालिज में देंगे, मेडिकल कालिज में देंगे, नेशनल डिफेंस एकेडेमी में देंगे, इंडियन मिलिटरी एकेडमी में देंगे? मेरे स्पेसिफिक सवाल है और उनका स्पेसिफिक जवाब चाहूंगा। इसके साथ-साथ न्यूक्लियर फिजिक्स पढ़ाने के लिए, स्पेस टेक्नोलोजी पढ़ाने के लिए क्या 27 परसेंट की रिजर्वेशन आप दे रहे हैं? अगर नहीं दे रहे हैं तो आप उनके साथ अविचार करेंगे। इसके साथ-साथ मैं पूछना चाहूंगा कि पब्लिक अंडरटेकिंग्ज और सरकारी दफ्तरों में 27 परसेंट देते हैं तो क्या आप आर्मी में, नेवी में, एयर फार्स में भी बेकवर्ड क्लासेज के लिए 27 परसेंट की रिजर्वेशन देंगे? अगर देंगे तो बताइये। क्या प्रधान मंत्री महोदय 27 परसेंट का आरक्षण आप विधान सभाओं में, लोक सभा में, राज्य सभा में भी करेंगे?

श्री प्रमोद महाजन : मंत्रिपरिषद में भी?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मंत्रिपरिषद् में तो राम विलास पासवान जी ही रहेंगे और सब हट जायेंगे। मैं

यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह 27 परसेंट का आरक्षण बैकवर्ड कम्युनिटी के लिए विधान सभाओं में, लोक सभा में और राज्य में भी लागू करेंगे? और क्या कोंसिल के लिए भी लागू होगा और हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के लिए भी लागू होगा? मैं आपके माध्यम से प्रधानमंत्री से पूछना चाहूंगा ... (व्यवधान)

SHRI T. R. BALU: You have left kindergarten schools.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Mr. Balu, who will go kindergarten, I will see later on. Don't worry.

क्या यह 27 प्रतिशत का आरक्षण, आर्थिक रूप से पिछड़े हुए जो लोग हैं पर स्वर्ण जाति के हैं, उनके लिए भी लागू होगा? जितनी मैंने ऊपर मांगे की हैं, कालेजों में, आर्मी में, एअर फ़ोर्स में और एन० डी० ए० और आई० एम० ए० में भी लागू होगा? जिन लोगों ने सिख धर्म अपनाया है, हिन्दू धर्म से सिख धर्म परिवर्तन किया है या जो हिन्दू से मुसलमान हो गये या बौद्ध हो गये उनके लिए आपने क्या किया है? जो हिन्दू से सिख हुए हैं उनके लिए भी क्या यह 27 प्रतिशत का आरक्षण लागू होगा? माइनोरिटी के लिए भी क्या यह लागू होगा, इसका आप विचार कर रहे हैं। आप बताइये कि जो हम यह सुन रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट का कोई जजमेंट है कि रिजर्वेशन 50 परसेंट से ज्यादा नहीं बढ़ना चाहिए, उसके बारे में आपकी क्या राय है? क्या सुप्रीम कोर्ट की ऐसी कोई राय नहीं है? इस 27 प्रतिशत रिजर्वेशन से हम आलरेडी साढ़े 49 प्रतिशत रिजर्वेशन पर पहुंच जाएंगे और दस दिन पहले प्रधान मंत्री महोदय ने विकलांगों को एशुरेन्स दिया है कि उनके लिए 3 प्रतिशत के आरक्षण के लिए बिल लाया जाएगा। आपने यह भी कहा कि संसद के इसी सत्र में यह बिल लाया जाएगा। इस 3 प्रतिशत को भी मिला दिया जाय तो यह साढ़े 52 प्रतिशत हो जाता है। इसे बारे में मैं आपका स्पेसिफ़िक जवाब चाहता हूं। इसके साथ साथ मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि जब यह बिल का रूप ले क्योंकि बिना बिल का रूप लिये यह नहीं चलेगा और इसी तरह से धोखा होता रहेगा जैसा कि श्री राम अवधेश सिंह जी ने कहा। अगर यह बिल का रूप ले तो इसका रूप होना चाहिए नेशनल कमीशन फ़ार सोशली, एजूकेशनली एण्ड इकोनामिकली बैकवर्ड क्लासेज। उसमें दो चीजें जरूर होनी चाहिए और उन दो चीजों में भी एक चीज अनिवार्य रूप से ये होनी चाहिए; वह है इकोनामिकली, आर्थिक रूप से ... और इसके लिए मैं गुजारिश ... कि जब प्रधान मंत्री महोदय इतिहास को बदल ही रहे हैं, इतिहास को धो ही रहे हैं, आपने ही कलंक लगाया है और आप ही उसको धो रहे हैं तो कम से कम उसके लिए अलग मंत्रालय भी खोल डालिये जो बैकवर्ड कम्युनिटी के इंटेरेस्ट को देखेगा और उसके लिए एक अलग मंत्री भी रहेगा.. (व्यवधान)। वहां तो रिजर्वेशन आना ही है। आप घबराइये नहीं, उसमें कितने ब्राह्मण लेंगे और कितने नहीं लेंगे, इसका पता नहीं है। इसके बाद मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले अपनी अंतिम बात पर आता हूं! .. (व्यवधान) अपनी अंतिम इच्छा भी बता दूंगा, आप घबराइये नहीं, आपने याद दिला दिया, आपको अपनी अंतिम इच्छा भी बता देता हूं। घबराइये नहीं, अच्छा है आपने याद दिला दिया। मैं आपको अपनी अंतिम इच्छा भी बता देता हूं। इस सारे प्रोग्राम को इम्प्लीमेंट करने के लिए टाइम शेडयूल घोषित होना चाहिए। और उसके साथ साथ इसका एक अनेक्श्चर बनना चाहिये। अनेक्श्चर वन में जिस कटेगरी के लोग आएं उनको 10 प्रतिशत, अनेक्श्चर टू में जो लोग आएं उनको 8 प्रतिशत और अनेक्श्चर थ्री में जो लोग अपर कास्ट के लोग हैं परन्तु गरीब हैं इकोनोमिकली बैकवर्ड हैं पर फ़ारवर्ड क्लास को बिलांग करते हैं उनको 6 प्रतिशत और महिलाओं के लिए 3 प्रतिशत रिज़र्वेशन हो। 27 परसेंट का इस प्रकार से केट

[श्री सुरेन्द्रजीतसिंह अहलुवलिया]

गराइजेशन होना चाहिये। ईश दत्त यादव जी ने मुझसे अपनी अन्तिम इच्छा की बात पूछी है तो शायद राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह को आप इतना नहीं जानते जितना कांग्रेसी जानते हैं।* और (**व्यवधान**) आपको पता नहीं (**व्यवधान**) मैंने कोई अनपार्लियामेंटरी बात नहीं कही है (**व्यवधान**)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I am on a point or ordr. In this House, no hon. Member can cast aspersions on the character and integrity of another Member, particularly when he is a Minister. I wish htat thrust of the hon. Member be deleted from the proceedings of the House. I want our ruling on this.

SHRI S. S. AHLUWALIA: I also want your ruling. (*Interruptions*).

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What is your ruling? He should not be allowed ot cast aspersions. He has no right. (*Interruptions*) I want your ruling.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If you keep quiet, then I will give my ruling (*Interruptions*).

श्री प्रमोद महाजन: उपसभापति महोदया प्रधानमंत्री के संबंध में आलोचना एक अलग बात है लेकिन तू-तुम की भाषा का प्रयोग इस सदन में जिस प्रकार से किया जाता है यह असभ्यता का लक्षण है (**व्यवधान**) हमने राजीव जी को हमेशा राजीव जी कहा (**व्यवधान**) विरोध हम कर सकते हैं (**व्यवधान**)।

THE DEPUTY CHAIRMAN: If you all are speaking together, I cannot hear.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I am quoting the rule 261. It says: "If the Chairman is of opinion that a word or words has or have been used in debate which is or are defamatory or indecent or unparliamentary or undignified, he may, in his discretion, order that such word or words be expunged from the proceedings of the Council." This is the rule. We want your ruling.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am giving my ruling. I would request the Members to sit down.. (*Interruptions*). ...Only then I can give my ruling..

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Madam, according to the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Council of States, Rule 238 says: "Rules to be observed while speaking—A Member while speaking shall not—

(i) refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending;

(ii) make a personal charge against a Member;

(iii) use offensive expressions about the conduct or proceedings of the Houses or any State Legislature;

(iv) reflect on any determination of the Council except on a motion for rescinding it;

(v) reflect upon the conduct of persons in high authority unless the discussion is based on a substantive motion drawn in proper terms."

It is quite clear.

SHRI V. GOPALSAMY: I never referred to Mr. Rajiv Gandhi as "Pilot Rajiv Gandhi". Then how he dares to call Mr. Vishwanath Pratap Singh as "Raja Vishwanath Pratap Singh."

SHRI S. S. AHLUWALIA: He knows that he is a Raja.

मैंने उनको भिखारी नहीं कहा, मैंने राजा कहा तो क्या अपमान किया। राजा कहना प्रधान मंत्री को अपमान है।

उपसभापति: आप बैठ जाएं अपनी जगह आप भी बैठ जाएं कृपया स्थान ग्रहण कीजिए (**व्यवधान**) मैं अपनी रूलिंग दे दूं जो उन्होंने मुझ से मांगी है। मैं आनरेबुल मेम्बर्स से कहूंगी कि इस समस्या पर जो यहां डिस्कशन हो।

**Not recorded.*

रहा है उस पर शिव शंकर जी ने इतना अच्छा भाषण बोला । अतः उन्होंने जो कुछ कहा उनके किये कराये पर पानी न फेरें । इस तरह के अल्फाज न इस्तेमाल करें । आपके लिए हो सकता है कि वे अल्फाज तकलीफदेह न हों मगर थे कहना चाहती हूं कि इस तरह के अल्फाज हाउस में इस्तेमाल करना अच्छा नहीं है । कृपया आप अपने अल्फाज वापस लीजिए इस डिबेट के स्तर को नीचे मत गिराइये। ...(**व्यवधान**)

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: It should be expunged from the records.

SHRI V. GOPALSAMY: It should be removed from the records.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It will not go on record.

एक माननीय सदस्य : मैडम डिप्टी चेयरमैन ने बहुत अच्छी रूलिंग दी है ।

उपसभापति :
Thank you very much.

बस अब समाप्त कीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : महोदया, आपकी उपस्थिति में कांग्रेस को और मुझे कहते हैं गधा जलेबी खाता है, वह पार्लियामेंटरी शब्द है । उस पर आपकी कोई रूलिंग नहीं आई और मैंने अगर कहा कि * तो अनपार्लिमेंट्री है..! (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am very sorry. If the hon. Member does not respect the request of the Chair, I have the authority to get it removed from the record. I am only trying to say that don't bring the stature of this House to that level. Without doing that you can make your point very well.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : महोदया, अगर इस सदन में सब लोग इमेज बनाने के चक्कर में लग जाएं तब तो इस सदन की मर्यादा का क्या हाल होगा भगवान ही जानते हैं ।

उपसभापति : आप भी इमेज बनाइये कौन बना सकता है, आप भी अपनी इमेज बनाइये ।
concerned about your image. I would not like the image of any Member of this House, even you to go down in the parliamentary history.

अपनी बात जो बोल रहे हैं उसको ऊंचा रखिए । आप अपनी इमेज का ख्याल रखिए ।
I am bothered about you also.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : महोदया, मैं आपका सम्मान करता हूं, इस सदन का सम्मान करता हूं और हर चीज मानकर चलता हूं...

उपसभापति : चलिए आप खत्म कीजिए।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : पर मुझे दुख इस बात का है कि अगर आपने यही रूलिंग राम अवधेश जी के टाइम पर दी होती तो मैं आपको प्रणाम करता ...(**व्यवधान**)

उपसभापति : राम अवधेश के लिए कितनी रूलिंग दी है यह आप जहां... (**व्यवधान**) डिबेट पढ़िएगा । अब बैठ जाइये।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : दूसरी बात यह है कि ईश दत्त जी अंतिम इच्छा की बात कर रहे थे और इमेज बिल्डिंग में जो अंतिम इच्छाओं की शुरूआत हो रही है फिर कुछ दिन बाद यही राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह जी कहेंगे कि देखो मैंने अपने भाइयों की चिताओं पर खड़े होकर भी अपने मंत्री पद को त्याग कर भी.. यहां के गरीबों की बात सुनी है और वह इमेज बिल्डिंग का क्या है । आपने ही लोगों को और अपनी ही पार्टी के लोगों को उन्होंने लगा रखा है। (**व्यवधान**)

*Not recorded.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, how long this will go on?

What is this? (*Interruptions*).

उपसभापति : अब आप समाप्त करिए।

It is all over now. (*Interruptions*).

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। उपसभापति जी ... (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I request you to please take your seat. Your speech is over. (Interruptions). It is not going on record.

SHRI S. S. AHLUWALIA:*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. It is not going on record.

आपकी बात खत्म हो गई है। रेकार्ड पर नहीं जा रही है। आप बैठ जाइये। ... (**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया :

उपसभापति : आप बैठ जाइये। आपकी बात खत्म हो गई है।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I have a submission. This House has dignity, this House has tradition, this House has respect, this House has decency, this House has community feeling. We have respect for each other, whoever he may be, whatever might be the side. We cannot allow anybody to violate every norm of decency, every norm of Parliamentary procedure. (*Interruptions*). It cannot be allowed. (*Interruptions*).

डा० अबरार अहमद खान : यह आप क्या बात करते हैं? यह बिलकुल दोहरा मापदंड है। ... (**व्यवधान**) कभी नहीं करती हैं। ... (**व्यवधान**) अपनी मर्जी से करती हैं।

श्री भंवर लाल पवार : महोदया आप मुझे केवल एक मिनट का समय दीजिए। मैं एक मिनट से ज्यादा नहीं लूंगा। मैं पिछड़ी जाति से आता हूं। सदन में मुझे राजस्थान से भेजा गया है।

उपसभापति : इस विषय पर जब पूरी चर्चा होगी, आपको जरूर बोलने की इजाजत देंगे। अब आप बैठ जाइये। जब इस पर चर्चा होगी, तो आप भी बोलेंगे। इधर से भी लोग कह रहे हैं। सब को इजाजत मिलेगी आपको एक मिनट नहीं दस मिनट देंगे। अब आप बैठ जाइये जब चर्चा होगी तो जिन लोगों ने बोलना है, उनको इजाजत जरूर देंगे।

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): Madam, I would not like to comment on the ugly episode which just now took place. We have sat long today. Except one or two ugly episodes, the debate was very constructive, interesting and useful. Except the last ugly scene, everything was good. We have already sat long. It is already late. May I suggest that the Prime Minister may reply after the Question Hour tomorrow?

THE DEPUTY CHAIRMAN: If the House so agrees, I have no objection.

MANY HON. MEMBERS: Yes. Tomorrow.

THE DEPUTY CHAIRMAN: After the Question Hour....(*Interruptions*)..... the Prime Minister will reply tomorrow. The House is adjourned till 11 o'clock tomorrow.

The House then adjourned at sixteen minutes past eight of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 9th August, 1990.

*Not recorded.